# कार्यालय, नगर निगम, सहारनपुर।

पत्रांकः 200 /ई–निविदा/ले0अनु0/न0नि0सहा0/2025–26 दिनांकः 27/9/25

## पुनः निविदा सूचना द्वारा ई–टैण्डर

नगर निगम सहारनपुर के लेखा विभाग में सी0ए0 फर्म चयन हेतु इच्छुक फर्म से दिनांक 09.10.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर निविदा निर्धारित शर्तो के आधार पर आमन्त्रित की जाती है। निविदा की वांछित शर्ते ई-टेन्डर वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** एवं नगर निगम की वेबसाइट **http://www.saharanpurnagarnigam.com** पर दिनांक 29.09.2025 से दिनांक 09.10.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक उपंलब्ध रहेगें, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है, तथा फर्म दिनांक 09.10.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर आनलाईन अपनी निविदा की वांछित प्रपत्र/दरें डाल सकते है। फर्म को निविदा के साथ निर्धारित जमानत राशि एवं निविदा मूल्य ऑनलाइन ई-टेण्डर वेबसाईट पर ही जमा करनी है। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, सहारनपुर में निहित होगा। सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। निविदा सम्बन्धी कोई सूचना अथवा शुद्धि पत्र ई-टैण्डर वेबसाइट/ नगर निगम की वेबसाइट पर ही सूचित की जायेगी। सूचना का पृथक से समाचार पत्रों में विज्ञापन नही किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रु. | धरोहर राशि रू0 | निविदा मूल्य रू0 (जी0एस0टी0 सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | लेखा कार्य सम्पादन हेतु सी0ए0 फर्म चयन । | 60000.00 प्रति माह जी0एस0टी0 रहित | 1,00,000/- | 118/- |

| | |
|---|---|
| **PUBLISH DATE AND TIME FOR RFP** | **29-09-2025, 10:00 am** |
| **LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF E-Bids** | **09-10-2025, 02:00 pm** |
| **DATE AND TIME OF OPENING OF ON LINE TECHNICAL E-Bids** | **09-10-2025, 03:00 pm** |
| **PLACE OF OPENING OF E-Bids** | **NAGAR NIGAM SAHARANPUR** |
| **E-Bids SECURITY** | **As Above** |
| **E-Tender Document Processing** | **As Above** |

लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

**पत्रांक एवं दिनांक तदैव।**

**प्रतिलिपि –**

1. मा0 महापौर महोदय को सादर सूचनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ।
3. निविदा समिति के सदस्यों को सूचनार्थ।
4. आई.टी.ऑफिसर नगर निगम, सहारनपुर, को नगर निगम की वेबसाईट **http://www.saharanpurnagarnigam.com** उपरोक्त सूचना एवं शर्ते अपलोड किये जाने हेतु।(संलग्नक)
5. सम्पादक अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान समाचार पत्र को इस आशय से कि उक्त सूचना का प्रकाशन अपने समाचार पत्र में कम से कम स्पेस में 09 फोन्ट में डीएवीपी दर/शासकीय दर पर प्रादेशिक/राष्ट्रीय पृष्ठ प्रकाशित कर, बिल 03 प्रतियों सहित भुगतान हेतु प्रस्तुत करें। अधिक फोन्ट में प्रकाशन किये जाने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

Scanned with OKEN Scanner

# नगर निगम सहारनपुर में सी0ए0 फर्मों के चयन के सम्बन्ध में निर्धारित नियम व शर्तें।

## तकनीकि शर्तें

1- ई- टेंडरिंग वेबसाईट के माध्यम से डबल बिड सिस्टम ऑनलाईन निविदा शुल्क की धनराशि ₹118 जी0एस0टी0 सहित एवं ₹1,00,000.00 धरोहर धनराशि जमा करना अनिवार्य है।

2- फर्म सी0ए0जी0 में इम्पैनल्ड होना चाहिए। प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

3- फर्म आयकर/जी0एस0टी0 में पंजीकृत होना चाहिए। प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

4- फर्म में कम से कम तीन भागीदार होने चाहिए, जिनमें से कम से कम एक भागीदार F.C.A., DISA Qualified, GST Certified होना चाहिए। प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है।

5- फर्म का विगत तीन वर्ष का औसत वित्तीय टर्नओवर कम से कम 50 लाख होना चाहिए।

6- फर्म को किसी भी नगरीय निकाय/ आवास विकास/ विकास प्राधिकरण में सी0ए0 कार्य का तीन वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। उपरोक्त संस्था द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

7- फर्म का पंजीकरण 10 वर्ष पुराना होना चाहिए। फर्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

8- नगर निगम सहारनपुर में वर्तमान में सी0ए0 का कार्य देखने वाली संस्था यदि निविदा में भाग लेती है, तो लेखाधिकारी द्वारा कार्य समय से एवं गुणवत्तायुक्त पूर्ण किये जाने का प्रमाण-पत्र निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

9- सी0ए0 फर्म द्वारा अपने फर्म के पंजीकरण संबंधी प्रमाण पत्र एवं फर्म के सभी पार्टनर का नाम, पता वर्णित करना होगा एवं प्रमाण के रूप में सभी पार्टनर का आधारकार्ड, पैनकार्ड अपलोड करना होगा।

10- फर्म के चयनोपरांत नगर निगम में कार्य करने वाले स्टाफ का विवरण नाम,पता,आधारकार्ड,पैनकार्ड वांछित योग्यता प्रमाण पत्र निविदा के समय ही ई-निविदा वेबसाईट पर अपलोड करना होगा। स्टाफ को एकाउंटिंग सॉफ्टवेयर टैली आदि पर कार्य करने में दक्ष होना अनिवार्य है।

11- 100रू. के स्टांप पर फर्म द्वारा नान ब्लैक लिस्टेड एवं दिवालिया न होने का गुणवत्ता पूर्ण कार्य किए जाने एवं नगर निगम सहारनपुर के हित में कार्य किये जाने एवं ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के अनुसार विभाग की गोपनीयता बनाए रखने हेतु नोटराईज्ड शपथपत्र की छायाप्रति एवं चयनित होने पर मूल प्रति उपलब्ध कराना होगा। सभी पार्टनर का अलग-अलग शपथ पत्र आवश्यक है। शपथ पत्र का प्रारूप नगर निगम कार्यालय/नगर निगम की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

12- निर्धारित कार्यों के समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त सम्पादन हेतु फर्म को निगम में एक सुयोग्य,अनुभवी एवं पूर्णकालिक स्टाफ, जिसकी योग्यता बी0कॉम0 हो एवं तीन साल का अनुभव आवश्यक है। एक सी0ए0 जो निगम द्वारा निर्धारित कार्यों का समय-समय पर पर्यवेक्षण करने हेतु आवश्यक है। स्टाफ एवं सी0ए0 का नाम,पता आधारकार्ड एवं शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। स्टाफ को टैली सॉफ्टवेयर एवं Double Entry Accounting System पर कार्य का Expert होना आवश्यक है।

13- फर्म को अपनी योग्यता, विशेषज्ञता, पंजीकरण तथा अनुभव आदि से सम्बन्धित उपरोक्त समस्त वांछित प्रपत्र ई-निविदा वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। जिस पर फर्म के पार्टनर के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। अपलोड किए गए वांछित प्रपत्र अस्पष्ट अथवा अपठनीय नहीं होना चाहिए। वांछित प्रपत्र फर्म द्वारा यदि अपलोड नहीं किया जाता है, तो निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

14- निविदा के सम्बन्ध में कोई भी सूचना, शर्त मे संशोधन, शुद्धिपत्र आदि की सूचना ई-टेंडरिंग वेबसाइट पर ही दी जाएगी। अलग से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगीं। अतः समय-समय पर ई- टेंडरिंग वेबसाइट का अवलोकन करते रहे।

15- निविदा की सूचना **http://saharanpurnagarnigam.com** पर भी उपलब्ध रहेगी।

## वित्तीय शर्तें

1- फर्म का चयन उपरोक्त तकनीकि शर्तें पूर्ण करने के उपरान्त वित्तीय निविदा खोली जाएगी एवं फर्म का चयन प्रतिस्पर्धात्मक दर के आधार पर मासिक न्यूनतम दर के आधार पर किया जाएगा। फर्म द्वारा डाला गया दर जी0एस0टी0 रहित होगा। जी0एस0टी0 की दर अतिरिक्त रूप से प्रतिमाह किए जाने वाले सेवा प्रभार भुगतान के साथ अनुमन्य दर के आधार पर किया जाएगा। फर्म को उक्त वर्णित कार्य किये जाने हेतु प्रतिमाह के आधार पर प्रोफेशनल फीस ( जी0एस0टी0 रहित) का अंकन ई-टेंडर वेबसाइट पर किया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।



Scanned with OKEN Scanner

# SCOPE OF WORK

1- अनुबन्ध से पूर्व परफार्मेंस गारन्टी के रूप में धनराशि रूपये एक लाख की राष्ट्रीकृत बैंक का एफ0डी0 मूल रूप से नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर के नाम से बन्धक रखा जाना अनिवार्य होगा। यदि फर्म द्वारा उपरोक्त वर्णित कार्य समय से पूर्ण नहीं किये जाते है अथवा कार्य संतोषजनक नहीं हाने पर एफ0डी0 जब्त की जा सकती है एवं इच्छुक द्वितीय न्यूनतम निविदादाता अथवा अन्य निविदादाता से कार्यहित में तत्कालिक आवश्यकता के दृष्टिगत् न्यूनतम दर पर कार्य लिया जा सकता है। इसमें सी0ए0 फर्म को कोई आपत्ति नहीं होगी।

2- प्रत्येक माह लेखा समाधान का कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए मासिक आख्या वांछित प्रारूप पर प्रस्तुत करना होगा तथा नियमानुसार त्रैमासिक आधार पर दो प्रतियों में आयकर का फार्म-16ए तथा वार्षिक आधार पर फार्म-16 तथा जी0एस0टी0 विवरण यथा फाइल करते हुए सूचना उपलब्ध करना होगा। मासिक आख्या में निर्धारित प्रपत्र पर निम्न विवरण उपलब्ध कराना होगा-

A. प्राप्ति एवं भुगतान विवरण एवं सभी निधियों का प्रारंभिक अवशेष एवं अंतिम अवशेष निधि के अनुसार एवं बैंक विवरण के अनुसार।

B. आय-व्यय विवरण (टैली रिपोर्ट)।

C. मासिक बैंक समाधान विवरण। बैंक द्वारा लगाया गया बैंक चार्जेज एवं अन्य कटौतियों को प्रतिमाह बैंक खाता के अनुसार मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत कराना।

D. जी0एस0टी0 समाधान विवरण/आयकर समाधान विवरण।

3- उक्त के अतिरिक्त त्रैमासिक आख्या में आयकर विवरण भी सम्मिलित किया जाएगा।

4- प्रत्येक वित्तीय वर्ष का प्रोविजनल बैलेंसशीट तथा गत वर्ष का वार्षिक बैलेंसशीट प्रत्येक वित्तीय वर्ष के माह जून तक तैयार कर ऑडिट कराना अनिवार्य है। यदि नगर निगम के किसी अनुभाग का कोई डाटा अनुपलब्ध रहता है, तो समयांतर्गत उस अनुभाग से कोऑर्डिनेट कर डाटा प्राप्त करने की कार्यवाही पूर्ण करा लेना होगा, जिससे कि बैलेंसशीट तैयार करने में कोई विलम्ब न हो।

5- नगर निगम के संविदा कर्मचारियों का EPF (Employee Provident Fund) एवं ESIC( Employees State Insurance Corporation) के अंशदान का प्रतिमाह चालान जेनरेट कराना एवं अंशदान जमा कराया जाना सुनिश्चित करना है। सेवानिवृत्त/मृत संविदा कार्मिकों का EPF एवं ESIC का इन विभाग से को-ऑर्डिनेट कर कार्मिक/आश्रित को देयता सुनिश्चित कराने की कार्यवाही पूर्ण करानी है।

6- नई फर्म को कार्यादेश मिलने पर गत वर्ष के यदि उपरोक्त निर्धारित कोई कार्य अवशेष रह गया हो, तो उसे भी पूरा करना होगा।

7- आयकर एवं जी0एस0टी0 का सभी रिटर्न समय से पूर्व दाखिल कराना अनिवार्य होगा।

8- बी0आर0एस0 तैयार करने हेतु जिस अवधि का बैंक स्टेटमेन्ट लेखा कार्यालय में उपलब्ध नहीं होगा,सी0ए0 फर्म के अधिकृत स्टाफ द्वारा सम्बन्धित बैंक से प्राप्त किया जाएगा।

9- बैंक समाधान विवरण तैयार होने के पश्चात् सम्बन्धित कैश बुकों में समाधान प्रविष्टियां कराने का कार्य सी0ए0 फर्म द्वारा प्रतिमाह किया जाएगा एवं मिलान की पुष्टि कैशबुक पर सी0ए0 फर्म द्वारा किया जाएगा एवं सी0ए0 द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।

10- आवश्यकतानुसार निगम की आय-व्यय की विभिन्न नियतकालिक एवं समय-समय पर आवश्यक सूचनाओं को तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

11- निर्धारित कार्यों के सम्बन्ध में लेखाधिकारी, सहायक लेखाधिकारी तथा लेखाकार एवं लेखा स्टाफ द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार फर्म को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी।

12- नगर निगम द्वारा आवश्यकता पडने पर अवकाश के दिनों में भी सूचना तैयार करना होगा एवं आवश्यकता पडने पर किसी भी समय शासकीय कार्यों हेतू उपस्थित होना अनिवार्य होगा, तथा निदेशालय एवं शासन की बैठकों एवं महालेखाकार आडिट आदि से संबंधित बैठकों में आवश्यकता पडने पर प्रतिभाग अपने संशाधनों से करना होगा।



AO

Scanned with OKEN Scanner

13- नगर निगम सहारनपुर द्वारा म्यूनिसिपल बॉन्ड जारी करने के सम्बन्ध में सी0ए0 फर्म द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

14- सी0ए0 फर्म को सितम्बर 2027 तक के लिए कार्य हेतु चयन किया जाना है। कार्य संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण होने पर सेवा विस्तार हेतु विचार किया जा सकता है। सितम्बर 2027 के उपरान्त यदि कार्य में विस्तार होता है, तो सक्षम स्तर से अनुमति उपरान्त मानदेय में अधिकतम पांच प्रतिशत वार्षिक वृद्धि प्रदान की जा सकती है। निविदा की अधिकतम अवधि 4 वर्ष होगी।

15- फर्म के पार्टनर में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो इसकी सूचना नोटराईज्ड शपथ पत्र के साथ लेखाधिकारी नगर निगम सहारनपुर को प्रस्तुत करना होगा।

16- निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त किये जाने का अधिकार नगर आयुक्त,नगर निगम सहारनपुर में निहित होगा।

Manoj Tripathi
AO
28 Aug-2025
लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

28.08.25
मुख्य नगर लेखा परीक्षक
नगर निगम, सहारनपुर

28.8.25

# शपथ पत्र

स्व प्रमाणित पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा किया जाए।

मै............................ पुत्र श्री...............................
निवासी ........................(स्थायी पता) .......................................
अस्थायी पता..........................................का निवासी हूँ।
मै शपथपूर्वक निम्न घोषणा करता हूँ।

1. नगर निगम सहारनपुर द्वारा निविदा शर्त में निर्धारित सी0ए0 कार्य हेतु निविदा निर्गत की गई है, उसके लिए मै विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप भर रहा हूँ।
2. मेरा पैन नं0 ..............................आधार नं0....................................... है।
3. मैं ब्लैक लिस्टेड फर्म की श्रेणी मे नहीं आता हूँ। मै अपराधिक गतिविधियों, माफिया तथा गैंगस्टर गतिविधियों और संगठित अपराध करने की गतिविधियों और असामाजिक कार्यों आदि मे लिप्त नहीं हूँ। मै माफिया और अपराधी नहीं हूँ। मेरा चाल-चलन, कार्य तथा आचरण उत्तम है।
4. मैं अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार समय से, पूरी गुणवत्ता के साथ-साथ निर्धारित विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूरा करूंगा, और विभाग को पूरा सहयोग प्रदान करूंगा। ऑफिसियल सीक्रेट्स एक्ट के अनुसार विभागीय गोपनीयता बनाये रखूंगा।
5. मै अथवा मेरी फर्म दिवालिया श्रेणी में नहीं है।
6. मै अपनी पूर्ण जानकारी में पूरे होश व हवाश में, स्वस्थचित्त से, पूरी सत्यनिष्ठा से तथा स्वेच्छा से यह शपथ-पत्र लिखकर दे रहा हूँ। ईश्वर मेरी मदद करे।

दिनांक...................

शपथी का पूरा हस्ताक्षर.............................
पूरा नाम ..........................................
पता.................................................

Scanned with OKEN Scanner